HINDUSTAN, Bhagalpur, 4.11.2020
Page No. 5, Size:(21.19)cms X (18.24)cms.

नवगछिया के इंस्पेक्टर ने मुंगेर सदर डीएसपी के सहयोग से की कार्रवाई

पूर्व थानेदार के घर की हुई कुर्की

इंजीनियर की मौत

भागलपुर/मुंगेर | हिटी

बिहपुर के मड़वा के रहने वाले आशुतोष पाठक की हत्या मामले के मुख्य आरोपी बिहपुर थाना के पूर्व थानाध्यक्ष रंजीत कुमार मंडल के मुंगेर स्थित सोहता गांव में मंगलवार को नवगछिया इंस्पेक्टर ने मुंगेर सदर डीएसपी और मुफस्सिल थाने के सहयोग से कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। घर से सारा सामान निकालकर जब्त कर लिया गया। खिड़की और चौखट भी निकाल लिया गया।

नवगछिया एसपी स्वप्नाजी मेश्राम ने कहा कि पूर्व थानाध्यक्ष की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की छापेमारी जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उन्होंने जल्दी ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर स्पीडी ट्रायल चलाकर उसे सजा दिलायी जायेगी।

इसी सप्ताह हो सकती है बर्खास्तगीः इंजीनियर को थाना के हाजत में पीटकर मार डालने वाले पूर्व थानाध्यक्ष रंजीत को इसी सप्ताह बर्खास्त किया जा सकता है। नवगछिया एसपी मामले का सुपरविजन कर रही हैं। पूर्व थानाध्यक्ष को सस्पेंड कर उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गयी है पर वह फरार है।

बिहपुर के पूर्व थानाध्यक्ष रंजीत मंडल के मुंगेर स्थित घर की कुर्की करते पदाधिकारी।

इंजीनियर हत्याकांड का आरोपी चालक गिरफ्तार

नवगछिया। बिहपुर निवासी इंजीनियर हत्याकांड के आरोपी प्राइवेट चालक जहांगीर राइन को एसआईटी ने मंगलवार को नाथनगर से गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर उसे गिरफ्तार कर नवगछिया थाना लाया गया। एसपी स्वप्ना जी मेश्राम ने बताया कि कांड के प्राथमिक अभियुक्त और तत्कालीन थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर मुफस्सिल थाना (मुंगेर) में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है। फरार पूर्व थानाध्यक्ष की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध अनुसंधान पूर्ण कर चार्जशीट दाखिल कर दिया जाएगा और स्पीड ट्रायल के तहत सुनवाई की जाएगी। इस कांड में पहले भी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

प्रशासन सतर्क, सात स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात

नवगछिया। बिहपुर के मड़वा निवासी आशुतोष पाठक की पुलिस की पिटाई से मौत के बाद स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए एक सप्ताह तक अनुमंडल की सात जगहों पर पुलिस बलों और पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इंजीनियर के गांव, एसपी आवास और एसडीओ आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

मानवाधिकार आयोग ने स्थिति का ब्योरा मांगा

इस मामले में संज्ञान लेते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग ने जिला प्रशासन से इंजीनियर आशुतोष की आर्थिक और पारिवारिक स्थिति का ब्योरा मांगा है। परिवार को मुआवजा देने की मांग लगातार की जा रही है। जिला प्रशासन ने मुआवजा को लेकर सरकार को अवगत करा दिया है।